**SHODH SAMAGAM**

**ISSN : 2581-6918 (Online), 2582-1792 (PRINT)**

# कानूनी डाटाबेस: विशिष्ट ऑनलाइन सूचना प्रबंधन एवं सेवाएं

**संजय शाहजीत,** पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत
**हेतराम भोई,** शास. पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसीवां, रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत
**ओमलता साहू,** पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत


**ORIGINAL ARTICLE**



**Authors**
**संजय शाहजीत**
**हेतराम भोई**
**ओमलता साहू**
**E-mail :** sanjayshahjit@matsuniversity.ac.in

shodhsamagam1@gmail.com

Received on : 30/05/2025
Revised on : 31/07/2025
Accepted on : 11/08/2025
Overall Similarity : 10% on 01/08/2025




## शोध सार

*कानूनी डाटाबेस एक ऑनलाइन प्रणाली है जो नई अवधारणा के साथ विश्वभर में अधिकतर तेजी से अपेक्षित सूचना मांगकर्ता को उपलब्ध हो रहा है। सभी को अपने दिनचर्या या तथ्य की आवश्यकता होती है अर्थात् डाटा पर सभी की निर्भरता बढ़ गयी है। कानूनी डाटाबेस विशिष्ट कानूनी सूचना से संबंधित संरचित एक वैधानिक जानकारी उपलब्ध कराता है जो संवैधानिक कानून, अपराधिक या कानून की जरूरत को संदर्भित करता है। ऑनलाइन सूचना प्रबंध में उपयोग के बाद पुर्नप्राप्ति करना ही डाटाबेस की विशेषता है। खोज साधन के रूप में कुछ लीगल (कानूनी) ऑनलाइन माध्यम में डाटाबेस उपलब्ध जिनकी जानकारी आवश्यक है ताकि अपने कानूनी मामलों पर संदर्भ स्त्रोंतों में उपयोग कर सके। राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कुछ लोकप्रिय डाटाबेस है जिसका उपयोग विशिष्ट उपयोकर्ताओं द्वारा पहुंच प्राप्त करते हैं। ऐसे ही लीगल(कानूनी) डाटाबेस जो ऑनलाइन माध्यम में उपलब्ध हैं। विभिन्न विशिष्ट ऑनलाइन कानूनी डाटाबेसों का अध्ययन इस पत्र में किया गया है।*

## मुख्य शब्द

*डाटाबेस, सूचना आवश्यकता, एससीसी ऑनलाइन, मनुपात्रा.*

## परिचय

कानूनी डाटाबेस एक ऑनलाइन प्रणाली है जिसमें कानून से संबंधित जानकारियां संग्रहित एवं व्यवस्थित होता हैं। कानून से संबंधित निर्णय, लेखों का वृहद संग्रह होता हैं जिसका अधिकतर उपयोग कानूनी पेशेवरों एवं शोधकर्ताओं द्वारा अपने उपयुक्त संदर्भ स्त्रोतों के लिए उपयोग करते हैं। कानूनी डाटाबेस विशिष्ट कानूनी पहलू पर सूचना की संरचित एक वैधानिक जानकारी उपलब्ध

कराता है जो संवैधानिक कानून, अपराधिक या कानून से संबंधित होती है।

## डाटाबेस

डाटाबेस एक नई अवधारणा के साथ विश्वभर में अधिकतर तेज गति से सूचना की अपेक्षा करते हैं। सभी को अपने दिनचर्या या योग्य तथ्य की आवश्यकता होती है अर्थात् डाटा पर सभी की निर्भरता बढ़ गयी है। इंटरनेट प्रौद्योगिकी के समय हर कोई इसकी सीमा से बंधा हुआ है, इसके नेटवर्क सीमा के दायरे में अपने आवश्यकता की सूचना खोजना चाहता है। व्यक्ति उपलब्ध प्रौद्योगिकी साधन से त्वरित सूचना तक पहुंचने की कोशिश करता है और कुछ ही समय में उस सूचना तक पहुंच जाता है। ऑनलाइन सूचना प्रबंध को खोजने, प्राप्त करने और पुर्नप्राप्ति करना ही डाटाबेस है। जो सूचना हम खोज प्रक्रिया के माध्यम से उस तक पहुंच कर प्राप्त करते हैं वह पहले से संरचित माध्यम में उपलब्ध होता हैं अन्यथा मिलने की संभवना कम होती है। संरचित डाटा में से जो भी तथ्य उपलब्ध होते हैं सूचना का महत्वपूर्ण भाग है। जैसे किसी कॉलेज छात्रों से संबंधित जानकारी, बैंक में ग्राहकों का विवरण आदि, यह सब एक डाटाबेस में उपलब्धता को निर्दिष्ट करता है।

## साहित्यिक समीक्षा

**खान, एम.एम. (2021)** इस पत्र में कानूनी छात्रों के लिए एक वेब एप्लिकेशन का विकास किया गया है जो कानूनी मामलों और संबंधित रिपोर्टों के बारे में जानकारी संग्रह के लिए संघर्ष करते हैं। इसमें कानूनी मामलों को इस तरह से व्यवस्थित किया गया है कि प्रयोक्ता कुंजी शब्द से वांछित जानकारी तक पहुंच प्राप्त करता है। इसमें केस प्रबंधन में सुविधा और जानकारी प्राप्ति में सुविधाजनक हो गयी है।

**येट्स और शापिरो (2010)** का मानना है कि एक कानूनी सूचना प्रणाली बनाने के लिए उचित योजना, विकास और कार्यान्वयन रणनीति की आवश्यकता होती है। पत्र में यह सुझाव दिया गया कि कानूनी जानकारी के प्रत्येक चरण में आवश्यकता का आकलन किया जाना चाहिए और प्रणाली जिसे निष्कर्षों के आधार पर अंतिम रूप से लागू किया जाना है।

**राइस, बी.ए. (1985)** ''ऑनलाइन डाटाबेस का मूल्यांकन और संग्रह मूल्यांकन में उनका उपयोग'' प्रस्तुत पत्र में डाटाबेस को पुस्तकालय संग्रह के हिस्से के रूप में संदर्भित किया है और कुछ मामलों में संग्रहों का मुद्रित सामग्री को अपनाने का विकल्प प्रस्तुत करते हैं। ऑनलाइन डाटाबेस की विशेषता है कि प्रयोक्ता कम्प्यूटर में जानकारी कभी भी और कहीं से प्राप्त कर सकता है। यह उन सूचना विश्लेषण केंद्रों में उपलब्ध डाटाबेस से संबंधित नहीं है जो प्रयोक्ता को सीधे ऑनलाइन नहीं जोड़ा जा सकता है। इसमें पाया गया कि अधिकांश पुस्तकालयों में सूचना विश्लेषण केंद्र तक पहुंच के लिए डायल–अप उपलब्ध नहीं है।

## अध्ययन की आवश्यकता

प्रयोक्ताओं के सामने वर्तमान समय में अपनी आवश्यकता को पूरा करने में अधिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता, उन्हें उपयुक्त सूचना पाने के तरीकों के बारे में जागरूक रहने की आवश्यकता है लेकिन फिर भी कुछ प्रयोक्ता या शोधकर्ता उक्त सूचना के नवीन माध्यमों को खोजने में तकनीकी रूप से सक्षम नहीं होते जिसके कारण उन्हें सूचना खोजने में समस्या होती है। ऐसे में उनकी खोज साधन के रूप में कुछ लीगल (कानूनी) डाटाबेस पते उपलब्ध जिनका ज्ञान आवश्यक ताकि अपने संदर्भ स्त्रोंतों के लिए इनका उपयोग कर सके।

## उद्देश्य

लीगल (कानूनी) डाटाबेस के अध्ययन के संबंध में कुछ प्रमुख उद्देश्य निर्धारित किये हैं जो निम्न हैः

1. लीगल डाटाबेस की जानकारी प्रदान करना।
2. संबंधित डाटाबेस के लिए उपयुक्त पते की जानकारी के लिए।
3. संदर्भ स्त्रोतों के लिए उपयोग में वृद्धि संभव।

4. लीगल प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने के लिए।
5. लीगल अनुसंधान में सहायक के रूप में।
6. लीगल प्रक्रिया की अद्यतन जानकारी हेतु सहायक।

## प्रमुख लीगल (कानूनी) डाटाबेस

कानूनी पेशेवरों के लिए हाल में कई ऐसे लीगल डाटाबेस की उपलब्ध ऑनलाइन माध्यम में हैं जिसका उपयोग होने वाले समय एवं श्रम को बचा सकते हैं। राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में काफी लोकप्रिय डाटाबेस है जिसके विशिष्ट उपयोकर्ताओं द्वारा पहुंच प्राप्त करते हैं। ऐसे ही लीगल डाटाबेस जो ऑनलाइन माध्यम में पहुंच प्रदान करते हैं। प्रस्तुत पत्र में इसका क्रमवार विश्लेषण करेंगे जिनका विवरण निम्नानुसार है:

1. मनुपात्रा।
2. लेक्सीस नेक्सिस।
3. एआईआर ऑनलाइन सीडी–रॉम।
4. एससीसी ऑनलाइन केस फाइंडर।
5. लॉ पंडित्स।
6. चावला लॉ फर्म।
7. वेस्ट लॉ इंटरनेशनल।
8. वेस्ट लॉ इंडिया।
9. एलआईआई ऑफ इंडिया।



**मनुपात्राः** भारत में लीगल डाटाबेस में मनुपात्रा का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। लीगल डाटाबेस में ज्यादा उपयोग होने वाले सूची में अग्रणी रूप से इनका नाम आता है जिसमें लीगल संबंधित प्राथमिक प्रलेख और विश्लेषणात्मक सामग्रियां उपलब्ध है, जिसके कारण यह सबसे बड़ा और अधिक विस्तृत ऑनलाइन डाटाबेस संसाधन है। प्रतिष्ठान द्वारा प्रिंट, सीडी–रॉम और ऑनलाइन प्रकाशन सूचना उत्पाद के रूप में निरंतर प्रकाशन किया जा रहा है जिनमें पारंपरिक और नए मीडिया प्रारूप शामिल है। इसकी प्रमुख विशेषताओं में संबंधित खोज, बेहतर खोज, तेज खोज, संदर्भित आसान खोज, गुणवत्तापरक एवं संगठित खोज इसे विशिष्ट बनाती है। प्रमुख सूचना उत्पादों में लीगल अनुसंधान, मुकदमेबाजी प्रबंधन, सूचना प्रबंधन, आईपी प्रबंधन एवं अकादमिक प्रबंधन द्वारा सेवाएं दी जाती है।




**लेक्सीस नेक्सिसः** यह वैश्विक रूप से सबसे बड़े कानूनी डाटाबेस में से एक का मालिक और संचालक है जिसमें कानूनी सूचना और विश्लेषण से संबंधित विशाल भंडार है। लेक्सीस नेक्सिस विश्व के 150 से अधिक देशों में संचालित होता है और इनके 20 हजार से ज्यादा मानव संसाधन कार्यरत् हैं।




लेक्सीस नेक्सिस का प्रयोग कानूनी पेशेवरों द्वारा अपने कानून, पैरवी, निर्णय, विनियम और कानूनी लेखों के विशाल संग्रह से बहुताय प्रयोग किया जा रहा है। इसमें कानूनी डाटाबेस कई प्रकार के सूचना क्षेत्र को शामिल करता हैः

लेक्सीस नेक्सिस विश्वभर के न्यायालयों से लाखों मामलों तक पहंच प्रदान करता हैं जिनमें उच्च न्यायालयों के साथ निचली न्यायालयों के निर्णय शामिल होते हैं। सभी प्रकार के नियमों में सरकारी विनियम, मानक और व्यावसायिक नियमों का उल्लेख होता है। इनके डाटाबेस में पत्र–पत्रिकाओं, पुस्तकों और वेबसाइटों के लेख का विस्तृत संग्रह होता है।

एआईआर ऑनलाइन सीडी–रॉम– एआईआर ऑनलाइन सीडी–रॉम कानूनी मामलों के लिए भारत में लोकप्रिय डाटाबेस है जो सर्वोच्च न्यायालय और निचली न्यायालयों के अंतर्गत दिये गए निर्णयों तक पहुंच प्रदान करता है। यह एआईआर प्रकाशन द्वारा द्वार प्रकाशित किया जाता है जिनके द्वारा अद्यतन निर्णयों को प्रकाशन में शामिल किया जाता है। यह कानूनी क्षेत्र में हो रहे निर्णय, विकास, कानूनी प्रलेखों के विश्लेषण के लिए एक अच्छा डाटाबेस संसाधन है। सूचना खोजकर्ताओं के लिए एआईआर ऑनलाइन सीडी–रॉम एक सटिक, उपयोग में आसान और प्रयोक्ता अनुकूल है। एआईआर ऑनलाइन सीडी–रॉम की डाटा की कुछ विशेषताएं है जो निम्नानुसार हैः

1. एआईआर ऑनलाइन सीडी–रॉम में निर्णय से संबंधित पूर्ण–पाठ तक पहुंच प्रदान करता है।
2. निर्णयों पर प्रयोक्ता की आवश्यकतानुसार किसी विशेष अंश की खोज संभव बनाता है।
3. कानूनी निर्णय पर प्रयोक्ता अपने संदर्भ स्त्रोतों में उद्धरण कर सकते हैं।
4. एआईआर ऑनलाइन सीडी–रॉम में निर्णय संबंधि विषय और नाम से अनुक्रमित कर सकते हैं।



**एससीसी ऑनलाइन केस फाइंडरः** एसीसी ऑनलाइन केस फाइंडर भारत के प्रमुख कानूनी डाटाबेस है। 1950 से न्यायालयों के वर्तमान निर्णयों की अद्यतन सूचनाएं उपलब्ध कराता है। यह अपनी कई विशेषताओं और लाभों के साथ कानूनी पेशेवरों के लिए सहायक बना हुआ है जो अपने डाटाबेस खोज से पेशेवरों के लिए आवश्यक संसाधन तक पहुंच को आसान बनाता है। इसका प्रकाशन इस्टर्न बुक कंपनी द्वारा प्रकाशन किया जाता है। इसके विशिष्ट उपयोग संबंधित कुछ विशेषताएं निम्नानुसार हैः

1. कानूनी क्षेत्रों के अद्यतन विकासों के बारे में जानने के लिए किया जा सकता है प्रयोक्ता नये निर्णय की जानकारी देख सकता है और मामलों पर लेख अध्ययन कर सकते है।
2. प्रयोक्ता केस नोट्स और अन्य डाटा का उपयोग करके कानून से संबंधित विश्लेषण को समझने का प्रयास कर सकते हैं।
3. एसीसी ऑनलाइन केस फाइंडर कानूनी मामलों पर शोध कर सकता है जिसमें प्रयोक्ता केस लॉर्डस, केस नंबर या विषय के आधार पर मामलों की खोज कर सकता है।




**चावला लॉ ऑफिसः** चावला लॉ ऑफिस दिल्ली—गुरूग्राम व बैंगलोर में स्थित प्रमुख भारतीय कानूनी फर्म है जिसकी शुरूआत 2014 को हुई है। इनके पास कानून विशेषज्ञों का समूह कार्यरत है जो नागरिक और आपराधिक मामलों, पारिवारिक मामलों, औद्योगिक मामलों, रियल एस्टेट और कानूनी मामलों के विस्तृत क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। यहां नागरिकों के आपराधिक मामले, मध्यस्थता, पारिवारिक, संपत्ति और रियल एस्टेट के क्षेत्र में काफी विशेषज्ञता है। संबंधित सेवाओं में इनके द्वारा बौद्धिक संपदा कानून, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, पेटेंट और बौद्धिक संपदा संरक्षण की पैरवी करना है।




**लॉ पंडित्सः** लॉ पंडित्स की शुरूआत लंदन में 2011 में हुई, फिर बाद में भारत के त्रिवेंद्रम, विलिंगटन, डेलावेयर, अमेरिका में इसके कार्यालय की स्थापना हुई। इसके प्रयोक्ता के रूप में विश्वभर के लॉ स्कूलों से लेकर, पेशेवरों, मानव संसाधन पेशेवरों, कानून छात्र और औद्योगिक शीर्ष प्रबंधकों के पेशेवर शामिल है। यह एक शैक्षणिक सेवा कार्यालय के रूप में विकसित हुई। लॉ पंडित्स अब ऑनलाइन कानून प्रमाणन कार्यक्रम और पाठ्यक्रम, सम्मेलन, कानूनी प्रशिक्षण कार्यक्रम व व्यवसायिक विकास कार्यक्रम आयोजित करते हैं। अपने प्रकाशन में ऑनलाइन और

विश्वभर में कानून से संबंधित निर्णयों का संग्रहण इसमें शामिल है।

**वेस्ट लॉ इंटरनेशनल**: वेस्ट लॉ इंटरनेशनल कानूनी पेशेवरों को ऑनलाइन शोध सेवा उपलब्ध कराता है जो विश्वभर से कानूनी, व्यसायिक जानकारी व समाचार उपलब्ध कराता है। वेस्ट लॉ इंटरनेशनल एक पासवर्ड आधारित और आईपी आधारित अनुसंधान डाटाबेस है, जो अन्य देश से कानूनी जानकारियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय जानकारी शोधकर्ता व कानूनी छात्रों के लिए अभ्यास हेतु प्रदान करते हैं।

**वेस्ट लॉ इंडिया**: वेस्ट लॉ इंडिया सबसे व्यापक रूप से उपयोग होने वाले ऑनलाइन कानूनी डाटाबेस में से एक है। इनके सिंगापुर, यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन जैसे कई देशों में केस लॉ, कानूनी लेखों का पूर्ण पाठ प्रदान करता है। वेस्ट लॉ इंडिया का भारतीय संस्करण भारतीय कानूनी साहित्य सामग्री तक पहुंच प्रदान करता है। यह दो अलग–अलग प्लेटफॉर्म पर काम करता है पहला भारतीय सामग्री एवं दूसरा विदेशी कानूनी साहित्य खोज।

**एलआईआई ऑफ इंडिया**: एलआईआई ऑफ इंडिया एक भारतीय कानूनी सूचना संस्थान है जिनकी औपचारिक रूप से शुरूआत 2010 में हुआ। यह भारतीय कानूनों की जानकारी के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय मानक, पहुंच और गैर लाभकारी ऑनलाइन संग्रह है। इसके चार प्रमुख भारतीय संस्थान जो इसके शुरूआत में भागीदार रहे। 1. एनएएलएसएआर यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदाराबाद, 2. नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बैंगलोर 3. नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली 4. राजीव गांधी स्कूल ऑफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी लॉ, आईआईटी खड़गपुर।

## निष्कर्ष

कानून से संबंधित मामलों में काफी जटिलताएं होती हैं, इनका प्रत्येक निर्णय, अन्य मामलों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करता है। कानूनी सूचना के लिए एक सूचना प्रणाली का होना आवश्यक है जिससे विशिष्ट उपयोगकर्ता को अपने संदर्भ स्त्रोतों के रूप में उपयोग कर सके। इससे उनके कानूनी मामलों के पक्ष में होने की संभावना प्रबल होती है। आईसीटी आधारित डिजिटल विश्व में ऑनलाइन सूचना प्रणाली प्रयोक्ताओं तक विस्तृत हो गया है। आज ऑनलाइन सीडी–रॉम एक विशाल आभासी पुस्तकालय के रूप में त्वरित पहुंच प्रदान करता है। संग्रहित ज्ञान का विशाल भंडार उस डाटाबेस सूचना उत्पाद को प्रमुख बनाता हैं। इसका अधिकतर उपयोग कानूनी पेशेवर छात्रों, शोधकर्ता एवं विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है।

## संदर्भ सूची


1. http://www.commonlii.org/in/journals/NLUDLRS/2010/3.pdf, Accessed on 02.01.2024.
2. http://www.commonlii.org/in/journals/NLUDLRS/2010/3.pdf, Accessed on 26.12.2023.
3. http://www.liiofindia.org/, Accessed on 05.01.2024.
4. https://chawlalawoffices.com/, Accessed on 02.01.2024.
5. https://lawpundits.org/publications/, Accessed on 02.01.2024.
6. https://sikhreligion.in/database-in-hindi/, Accessed on 26.12.2023.
7. https://www.academia.edu/29458448/Legal_Research_in_India, Accessed on 03.01.2024.
8. https://www.aironline.in/, Accessed on 03.01.2024.
9. https://www.manupatrafast.com/Feature/law-legal-search.aspx, Accessed on 26.12.2023.
10. https://www.scconline.com/web-edition, Accessed on 03.01.2024.
11. https://www.westlawinternational.com/our-solutions/, Accessed on 05.01.2024.
12. Khan, M. M.; Dhruba, A. R.; Alam, K. N. and Khan, S. (2021) "An Online Law Library Database for Legal Cases of Bangladesh for Study Purpose for Lawyers and Law Students," 2021 IEEE Symposium on Industrial Electronics & Applications (ISIEA), Langkawi Island, Malaysia, p. 1-5, doi: 10.1109/ISIEA51897.2021.9509994.

13. Rice, B.A. (1985) Evaluation of Online Databases and Their Uses in Collection Evaluation, *Library Trends,* 33, 297-325.

14. Yates, K. A. and Shapiro, C. E. (2010), Establishing a Sustainable Legal Information System in a Developing Country: A Practical Guide, *EJISDC,* 42 (8), 1-20.

********